e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (5) अपील – 17/2022.....2658.....पटना, दिनांक :–.....28/9/2022

# आदेश

मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली के अंतर्गत विज्ञापन संख्या– 02/2019 अमीन (अमानत/सर्वेयर) के पद पर नियोजित अमीनों (अमानत/सर्वेयर) को ज्ञापांक– 03/ भू0अ0नि0(3) विविध (अमीन)–02 /2022– 1162, दिनांक– 18.05.2022 से सेवा समाप्त किए जाने के विरूद्ध निम्नलिखित अपीलार्थियों द्वारा अपील दाखिल किया गया है :–

1. NITISH KUMAR
   Emp. ID-SSA04639
   nk25438@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय,मधुवनी।
2. SATISH KUMAR
   Emp. ID-SSA04643
   satishcool896@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय, मधुवनी।
3. MANJAY KUMAR
   Emp. ID-SSA04640
   roymanjay970@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय, पटना।
4. VINAY KUMAR
   Emp. ID-SSA04649
   vinaykumar9572888381@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय, मधुवनी।
5. ANIL KUMAR
   Emp. ID-SSA04651
   anilpandit.916282@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय, सारण।
6. AYUSH RAJ
   Emp. ID-SSA04654
   rajayush121@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय, सारण।
7. BALMIKI KUMAR
   Emp. ID-SSA04666
   kumarbalmiki140582@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय, पटना।
8. MANISH KUMAR SINGH
   Emp. ID-SSA04670
   mksingh15193@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय, मुजफ्फरपुर।
9. MADHU RANJAN KUMAR
   Emp. ID-SSA04682
   madhuranjankumar57283@gmail.com
   बन्दोवस्त कार्यालय, मुजफ्फरपुर।
10. RAVI KUMAR
    Emp. ID-SSA04686
    badal801110@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, वैशाली।

11. DIVYANSHU RANJAN
Emp. ID-SSA04688
divyanshuranjan199@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सारण।
12. INDRAJEET KUMAR
Emp. ID-SSA04691
indrajeet1838@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सारण।
13. CHANDRALOK KUMAR
Emp. ID-SSA04697
chandralokkumar0@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, मुजफ्फरपुर।
14. NAVNEET SHANDILYA
Emp. ID-SSA04720
bhawanivimal3175@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।
15. NITISH KUMAR CHAUHAN
Emp. ID-SSA04739
nkchauhan_2007@rediffmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, बेगूसराय।
16. JAIN KUMAR
Emp. ID-SSA04746
jain874kumar@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, वैशाली।
17. CHANDAN KUMAR SINGH
Emp. ID-SSA04756
chandankumarsingh5185@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सारण।
18. MANAUVAR RAJA
Emp. ID-SSA04758
manauvarraja@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सारण।
19. VIBHA KUMARI
Emp. ID-SSA04764
vidhakumariat@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय पूर्वी चम्पारण।
20. VARUN KUMAR
Emp. ID-SSA04774
varunpatepur@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, पटना।
21. RAUSHAN KUMAR
Emp. ID-SSA04778
raushangupta399@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सारण।
22. NIRAJ KUMAR
Emp. ID-SSA04794
niraj25091991@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।
23. SHIVAM KUMAR
Emp. ID-SSA04797
shivams9337@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, मधुवनी।

24. ADARSHKANT RAJ
Emp. ID-SSA04859
bantikumar.raj01@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सिवान।
25. RAMBABU KUMAR
Emp. ID-SSA04829
rambabukmr789@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सिवान।
26. RAJ MOHAN SINGH
Emp. ID-SSA04810
rajmohansingh1982@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, पटना।
27. PRAHLAD KUMAR
Emp. ID-SSA04807
prahladkaithi@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सहरसा।
28. KARUNESH KUMAR
Emp. ID-SSA04804
prabhatkumarmth601@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सिवान।
29. RAUSHAN KUMAR
Emp. ID-SSA04802
raushan02081991@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, अररिया।
30. BINOD KUMAR MANJHI
Emp. ID-SSA05107
binod122009@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण।
31. MUKESH KUMAR
Emp. ID-SSA05063
mukeshkumarkumar6977@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, पटना।
32. PANKAJ KUMAR
Emp. ID-SSA05052
pankajmishra.prt@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, समस्तीपुर।
33. MD RAJA
Emp. ID-SSA05050
sa3408972@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, बेगूसराय।
34. SUSHIL KUMAR SUMAN
Emp. ID-SSA05047
sushilsuman474@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, बेगूसराय।
35. KRISHNA KUMAR SHARMA
Emp. ID-SSA05043
kumarkrishu6nov@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सुपौल।
36. TRIBHUWAN KUMAR
Emp. ID-SSA05039
ritujhastm1234@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, गोपालगंज।

37. PRASHANT KUMAR
    Emp. ID-SSA05034
    prashantmuz14@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, समस्तीपुर।
38. AMAR KUMAR
    Emp. ID-SSA05032
    amar.kr015@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, समस्तीपुर।
39. ANOJ KUMAR SAH
    Emp. ID-SSA05018
    ak9798823162@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, समस्तीपुर।
40. ROHAN RAJAK
    Emp. ID-SSA05006
    rohanrajak074@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।
41. BIKRAM KUMAR
    Emp. ID-SSA04994
    shivdhatri1@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, समस्तीपुर।
42. VIVEK KUMAR MEHRA
    Emp. ID-SSA04985
    vivekmehra881046@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, बेगूसराय।
43. RAGHVENDRA KUMAR
    Emp. ID-SSA04963
    raghvendramuz09@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।
44. SUDHAKAR KUMAR
    Emp. ID-SSA04961
    skgopal87@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।
45. AVINASH KUMAR
    Emp. ID-SSA04945
    avinashom34@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।
46. VINOD SAH
    Emp. ID-SSA04931
    vinodmuz89@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, गोपालगंज।
47. PRAGATI KUNAL
    Emp. ID-SSA04930
    pragatikunalmuz98@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा
48. SATISH KUMAR
    Emp. ID-SSA04919
    satishsah73600@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, बेगूसराय।
49. ANAND PRAKASH
    Emp. ID-SSA04914
    prakashanand779@gmail.com
    बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।

50. ANIL KUMAR RANJAN
Emp. ID-SSA04913
anilpal.ranjan@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।
51. SIKANDAR RAM
Emp. ID-SSA04890
sikandarmuz0@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।
52. VIKASH PASWAN
Emp. ID-SSA04887
vikashpaswan9523@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, बेगूसराय।
53. GOVIND KUMAR
Emp. ID-SSA04885
gkgopalkmr@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सिवान।
54. SUNIL KUMAR
Emp. ID-SSA04876
bea.son.stm@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, मधुवनी।
55. AVINASH KUMAR
Emp. ID-SSA04868
avinash04kr@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, सिवान।
56. MD. ANWARUL HAQUE
Emp. ID-SSA05056
mah040877@gmail.com
बन्दोवस्त कार्यालय, दरभंगा।

अपीलार्थियों का संक्षिप्त वाद निम्न प्रकार है:—

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना द्वारा अमीन (अमानत/सर्वेयर) के पद पर मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली के अंतर्गत विज्ञापन संख्या— 02/2019 प्रकाशित की गई थी। अमीन (अमानत/सर्वेयर) पद की वांछित शैक्षणिक योग्यता, सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री या आई0टी0आई0 से सर्वेयर के प्रशिक्षण में सफल उम्मीदवार निर्धारित थी। उक्त विज्ञापन के आलोक में अपीलार्थियों को कॉउसिलिंग हेतु सूचना दी गई थी। कॉउसिलिंग के उपरांत अपीलार्थियों का नियोजन किया गया था।

उपर्युक्त अपीलार्थियों के नियोजन के उपरांत इनके अमानत/सर्वेयर प्रमाण पत्र की जाँच/सत्यापन NIELIT, Patna से करायी गयी। सत्यापनोपरांत संबंधित संस्थान द्वारा सूचित किया गया है कि NIELIT, Patna राज्य के विभिन्न पोलिटेक्निक संस्थानों में केवल मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण का कार्य करता है। सत्यापन के दौरान प्रकाश में आया कि पोलिटेकनिक संस्थानों द्वारा आन्तरिक संसाधन सृजन योजना (I.R.G.S) के अन्तर्गत अमानत की छः माह/एक वर्षीय कोर्स की अन—औपचारिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अपीलार्थियों को अमानत की सर्टिफिकेट निर्गत किया गया है।

उक्त अपीलार्थियों से अमानत प्रमाण पत्र के संबंध में स्पष्टीकरण की मांग की गई। अपीलार्थियों द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण में कोई विशिष्ट तथ्य/साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जो यह प्रमाणित करता है कि प्रकाशित विज्ञापन सं0 02/2019 के वांछित योग्यता के अनुरूप प्रमाण पत्र है। उक्त अपीलार्थियों का प्रमाण पत्र AICTE & SCVT से मान्यता प्राप्त नहीं है। अतएव विज्ञापन में वांछित योग्यता सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री या आई0टी0आई0 से सर्वेयर के प्रशिक्षण में सफल अभ्यर्थियों का प्रमाण पत्र से भिन्न रहने तथा Term of Assignment के कंडिका 4 में निहित प्रावधान के आलोक में उपरोक्त सभी अपीलार्थियों का नियोजन रद्द किया गया है। उक्त आदेश के विरूद्ध अपीलार्थियों द्वारा वर्त्तमान अपील दाखिल किया गया है।

अपील आवेदन पर सुनवाई/अपना पक्ष रखने हेतु पत्रांक— 1792 दिनांक— 21.07.2022 द्वारा अपीलार्थियों को ईमेल द्वारा नोटिस निर्गत किया गया है।

उक्त नोटिस के आलोक में निर्धारित तिथि 29.07.2022 को क्र0 सं0— 19, विभा कुमारी, क्र0 सं0—40, रोहन रजक, क्र0 सं0—51, सिकंदर राम, क्र0 सं0—55, अविनाश कुमार एवं क्र0 सं0—56, मो0 अनवारूल हक को छोड़कर शेष सभी अपीलार्थी उपस्थित हुए। सभी अपील की सुनवाई एक साथ की गई। क्र0 सं0— 19, विभा कुमारी, क्र0 सं0—40, रोहन रजक, क्र0 सं0—51, सिकंदर राम, क्र0 सं0—55, अविनाश कुमार एवं क्र0 सं0—56, मो0 अनवारूल हक नोटिस देने के बाद भी उपस्थित नहीं हुए।

अपीलार्थियों का कहना है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना के विज्ञापन संख्या— 02/2019 के आलोक में हमलोगों का नियोजन किया गया था। अपीलार्थियों द्वारा आगे बताया गया है कि हमने विज्ञापन की शर्त्त के अनुसार सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री प्राप्त की है। हमलोगों के (अपीलार्थियों) प्रमाण—पत्र को मान्य करते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक— संख्या भर्त्ती कोषांग (विविध)—13/2019—114 (भ0 को0)/रा0, दिनांक— 13.11.2019 द्वारा हम सभी अपीलार्थियों को कॉउसिलिंग हेतु सूचना दी गई। कॉउसिलिंग के उपरांत हमलोगों का सभी प्रमाण—पत्र को सत्य पाया गया। उक्त कॉउसिलिंग के आलोक में हम सभी अपीलार्थियों को नियुक्ति पत्र निर्गत किया गया, जिसके आलोक में अपीलार्थियों ने राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में योगदान दिया।

निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप ने अपने प्रतिउत्तर में स्पष्ट किया है कि विज्ञापन संख्या— 02/2019, अमीन (अमानत/सर्वेयर) पद के प्राप्त आवेदनों के कॉउसिलिंग लगभग 20 टेबुल पर किया गया था। कॉउसिलिंग करने वाले सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को एक समान निर्देश दिया गया था परंतु कुछ अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सम्भ्रम वश NIELIT द्वारा निर्गत सर्टिफिकेट को मान्य कर दिया गया है। जबकि NIELIT द्वारा निर्गत सर्टिफिकेट (शैक्षणिक योग्यता) विज्ञापन संख्या— 02/2019, अमीन (अमानत/सर्वेयर) पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता से भिन्न है।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक— 36 दिनांक— 10.06.2019 में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि विधि विभाग के परामर्श के आलोक में केवल वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने अमानत/सर्वेयर की डिग्री/प्रमाण—पत्र सक्षम प्राधिकार यथा— उपरोक्त वर्णित एन0सी0वी0टी0 (NCVT), एस0सी0वी0टी0 (SCVT), ए0आई0सी0टी0ई0 (AICTE) अथवा राज्य सरकार के किसी सक्षम विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त की गई है केवल वैसे ही कर्मी की नियुक्ति की गई थी, अर्थात् वैसे अभ्यर्थी जिन्होंने अमानत की डिग्री अथवा सर्वेयर का प्रमाण पत्र NCVT, SCVT, AICTE अथवा राज्य सरकार के सक्षम विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से प्राप्त किया है, वे उक्त पद के योग्य होंगे।

प्रतिउत्तर के अवलोकन से स्पष्ट है कि अपीलार्थियों का प्रमाण पत्र न तो अमानत में डिग्री का है न ही सर्वेयर का प्रमाण पत्र है, न ही अपीलार्थियों का पाठ्यक्रम जो छः माह/एक वर्ष का है, NCVT, SCVT, AICTE से मान्यता प्राप्त है।

अपीलार्थियों द्वारा दावा किया गया है कि हमलोगों ने सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री प्राप्त की है। इस संबंध में कहना है कि विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के पत्रांक— 6016/94/33 दिनांक— 2.4.1994 के अनुसार **"विश्व बैंक स्वपोषित पोलिटेकनिक शिक्षा सुदृढ़ीकरण परियोजना के अंतर्गत अद्योगों में कार्यरत तकनीकी कर्मियों के लिए स्ववित्तपोषित औपचारिक एवं अन—औपचारिक लघु पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण चलाये जाने हैं। औपचारिक पाठ्यक्रम कुछ चुने हुए संस्थानों में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा पर्षद की मान्यता के बाद प्रारम्भ किए जायेंगे, परन्तु राज्य के सभी संस्थानों को अन—औपचारिक लघु पाठ्यक्रम/प्रशिक्षण आयोजित करने की स्वतंत्रता है।"** विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के पत्रांक— 6016/94/33 दिनांक— 2.4.1994 के आलोक में राज्य के विभिन्न पोलिटेकनिक संस्थानों द्वारा आन्तरिक संसाधन सृजन योजना (I.R.G.S) के अन्तर्गत अमानत की छः माह/एक वर्षीय कोर्स की अन—औपचारिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत अपीलार्थियों को अमानत की सर्टिफिकेट निर्गत किया गया है, जो विज्ञापन संख्या— 02/2019 में अमीन (अमानत/सर्वेयर) पद के लिए निर्धारित योग्यता से भिन्न है।

ज्ञातव्य हो कि अन–औपचारिक पाठ्यक्रम के अन्तर्गत निर्गत कोई भी सर्टिफिकेट सरकारी सेवा के लिए मान्य किया जाना उपयुक्त प्रतीत नहीं होता है।

अपीलार्थियों के अपील, निदेशक के प्रतिउत्तर एवं संचिका के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के विज्ञापन संख्या– 02/2019 में अमीन (अमानत/सर्वेयर) पद की वांछित शैक्षणिक योग्यता सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री या आई0टी0आई0 से सर्वेयर के प्रशिक्षण में सफल उम्मीदवार निर्धारित है। अपीलार्थियों का सर्टिफिकेट अन–औपचारिक लघु पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न पोलिटेकनिक कॉलेजों/NIELIT द्वारा आन्तरिक संसाधन सृजन योजना (I.R.G.S) के अन्तर्गत अमानत की छः माह/एक वर्षीय कोर्स की सर्टिफिकेट निर्गत किया गया है, जो विज्ञापन संख्या– 02/2019 में अमीन (अमानत/सर्वेयर) पद की वांछित शैक्षणिक योग्यता, सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री या आई0टी0आई0 से सर्वेयर के प्रशिक्षण में सफल उम्मीदवार निर्धारित वांछित योग्यता से भिन्न है।

उक्त विवेचना से स्पष्ट है कि अपीलार्थियों का प्रमाण पत्र अन–औपचारिक लघु पाठ्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न पोलिटेकनिक कॉलेजों/NIELIT द्वारा निर्गत अमानत की सर्टिफिकेट विज्ञापन संख्या– 02/2019 में अमीन (अमानत/सर्वेयर) पद की वांछित शैक्षणिक योग्यता, सरकारी मान्यता प्राप्त संस्थान से अमानत की डिग्री या आई0टी0आई0 से सर्वेयर के प्रशिक्षण में सफल उम्मीदवार के अनुरूप नहीं रहने के कारण एवं उक्त प्रकाशित विज्ञापन में Term of Assignment की कंडिका 4 (vi) में निहित प्रावधान के आलोक में अपीलार्थियों का नियोजन समाप्त किया गया है, जिसमें किसी प्रकार के हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। अपील अस्वीकृत किया जाता है।

ह0/–
**अपर मुख्य सचिव–सह–**
**अपीलीय प्राधिकार**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

e-Mail

**संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (5) अपील :– 17/2022** 2658 **पटना, दिनांक :–** 28/9/2022
**प्रतिलिपिः–** सभी संबंधित अपीलार्थी को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

**(अनिल कुमार सिंह)**
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना

**संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (5) अपील :– 17/2022** 2658 **पटना, दिनांक :–** 28/9/2022
**प्रतिलिपिः–** सभी संबंधित समाहर्त्ता–सह–बन्दोबस्त पदाधिकारी/बन्दोबस्त पदाधिकारी को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

**(अनिल कुमार सिंह)**
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**संख्या :– 01/भू0अ0नि0 (5) अपील – 17/2022** 2658 **पटना, दिनांक :–** 28/9/2022
**प्रतिलिपिः–** निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

28/9/22

**(अनिल कुमार सिंह)**
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

संख्या :– 01 / भू0अ0नि0 (5) अपील – 17 / 2022 2658 पटना, दिनांक :– 28/9/2022

**प्रतिलिपिः–** श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

29/9/22

**(अनिल कुमार सिंह)**
सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप